

दैनिक

# जागो वर्ल्ड

www.dainik jago world news .in

सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक



आज का विचार

किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 125 .कुल पृष्ठ -06 . 19 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## ग्रीनलैंड पर साथ न दिया, तो लगेगा टैरिफ, अब पूरी दुनिया को धमकाने पर उतारू अमरीकी राष्ट्रपति

**जागो वर्ल्ड -अमेरिका**



अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर अब पूरी दुनिया को एक नई धमकी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि सभी देशों को ग्रीनलैंड पर क जे की अमरीकी योजना का साथ देना होगा। ऐसे देश जो इस मुद्दे पर अमरीका के साथ नहीं देंगे, उन पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप की ग्रीनलैंड पर क जे से जुड़ी बयानबाजी में यह सबसे नया कमेंट है। पहली बार उन्होंने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर टैरिफ का जिक्र अपने बयान में किया है। ट्रंप लगातार कह रहे हैं कि ग्रीनलैंड पर अमरीका का नियंत्रण होना चाहिए, क्योंकि यह उनके देश की सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है। डेनमार्क, ग्रीनलैंड और यूरोप के ज्यादातर देश अमरीका की इस योजना के विरोध में हैं। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो देश ग्रीनलैंड पर क जे के उनके प्लान का समर्थन नहीं करेंगे, वह उन पर सजा के तौर पर नए टैरिफ लगा सकते हैं।तेहरान। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को पब्लिक के सामने आए हैं। ईद अल-मबथ के मौके पर खामेनेई ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उनक निशाने पर अमरीका और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रहे। खामेनेई ने कहा कि ईरान में बीते तीन हफ्ते में हुए विरोध प्रदर्शनों के पीछे अमरीकी साजिश थी। खामेनेई ने कहा कि क्योंकि ट्रंप ने ईरान में हिंसा को बढ़ावा दिया इसलिए प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों और नुकसान के जिम्मेदार भी वही हैं। अली खामेनेई ने कहा कि हालिया दंगा एक अमरीकी साजिश थी। अमरीका का मकसद ईरान को हड़पना है और उसी के लिए ये सब किया जा रहा है। तेहरान को खत्म करने के लिए अमेरिकियों ने प्लान बनाया और काम किया लेकिन ईरान के लोगों ने उनकी साजिश को खत्म कर दिया।

## संसाधनों की कमी बनी मौत की वजह, युवराज की डूबकर दर्दनाक मौत

**जागो वर्ल्ड -ग्रेटर नोएडा**








उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक राजस्व देने वाला गौतमबुद्धनगर जिला मुसीबत में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए संसाधनों की उपलब्धता के मामले में शून्य है। इंजीनियर युवराज मेहता की मौत की घटना ने तीन प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और दमकल विभाग के आपदा की स्थिति में राहत व बचाव की तैयारियों के दावों की हकीकत उजागर की है।दो घंटे तक जान बचाने की गुहार लगाते रहे युवराज निर्माणाधीन बेसमेंट के पानी में कार पर खड़े होकर करीब दो घंटे जान बचाने की गुहार लगाते-लगाते युवराज डूब गया। मौके पर पुलिस, दमकल कर्मी और एसडीआरएफ की टीम के कर्मी बस किनारे पर खड़े होकर भागदौड़ करते रहे। आखिरकार गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। तब तक काफी देर हो चुकी थी और पिता राज कुमार मेहता के सामने बेटा युवराज कार समेत डूब चुका था।रेस्क्यू ऑपरेशन करते बचाव दल के कर्मचारी। घटना करीब 12 बजे के आसपास की है। युवराज कार समेत निर्माणाधीन बेसमेंट में भरे पानी में जा गिरा था। उसने पिता को फोन लगाया, डायल 112 पर कॉल के बाद वह मौके पर पहुंच गए। स्थानीय पुलिस, दमकल कर्मी और उसके बाद एसडीआरएफ की टीम करीब एक बजे तक मौके पर पहुंच गई। लोगों की भी भीड़ जुट गई ।तीनों अथॉरिटी के पास नहीं थे बचाव संसाधन पुलिस के पास उसे बाहर निकालने के कोई संसाधन नहीं थे, स्थानी गोताखोर अंदर घुसकर युवराज के पास तक पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा सके, कुछ दूर अंदर जाने के बाद ही वापस आ गए। दमकल व एसडीआरएफ की टीम पहुंची, उनके पास पास भी पर्याप्त संसाधन नहीं थे। क्रेन आदि भी मंगाई गई, लेकिन युवराज तक पहुंच नहीं हो सकी।गाजियाबाद से बुलाई गई एनडीआरएफ की टीम तीनों अथॉरिटी के पास भी ऐसे कोई संसाधन नहीं थे। इस बीच बेटे की मदद लगाने की गुहार सुनकर पिता राजकुमार बचाव दल के कर्मियों से किसी भी तरह बेटे की जान बचाने की गुहार लगाते रहे। लोगों के पास फोन भी करते दिखे। ऐसे में प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह ने गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम बुलाई। तब तक कार समेत युवराज डूब चुका था ।निर्माणाधीन बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्डे में भरा लबालब पानी।उसे बाहर निकालने में एनडीआरएफ की टीम को करीब दो घंटे ले गए। प्रत्यक्षदर्शी मुनेंद्र का कहना था पुलिस, दमकल समेत अन्य टीमों के कर्मी मूकदर्शक बने रहे, कोई भी अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

## घने कोहरे से उड़ानें बाधित, एयर इंडिया-इंडिगो ने जारी किया परामर्श

**जागो वर्ल्ड - / नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के मद्देनजर एयर इंडिया और इंडिगो सहित विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों में संभावित देरी और रुकावटों को लेकर यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयर इंडिया ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि सोमवार सुबह दिल्ली सहित कई क्षेत्रों मे दृश्यता कम रहने के कारण उड़ानों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसने रुकावटों को कम करने के लिए पहले से ही कदम उठाए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि देरी, मार्ग परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में हवाई अड्डा पर मौजूद कर्मचारी सहायता प्रदान करेंगे।एयर इंडिया ने कहा कि कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से चेतावनी मिलेंगी, जिसमें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान रीशेड्यूल करने या रद्द होने की स्थिति में बिना किसी जुर्माना के पूरी राशि पाने का विकल्प होगा। एयरलाइन ने यात्रियों को हवाई अड्डा के लिए निकलने से पहले उड़ान की अद्यतन स्थिति जांच करने और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय रखने की इंडिगो ने भी कई परामर्श जारी किये हैं, जिसमें कहा गया है कि सुबह के समय कोहरे से अमृतसर, चंडीगढ़ और लखनऊ में दृश्यता कम होने होने की वजह से उड़ानें प्रभावित हो सकती है। वहीं, कम दृश्यता की स्थिति दिल्ली, हिंडन, राजकोट और सूरत में भी है, जिससे उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। एयरलाइन ने कहा कि वह मौसम की स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है और उसकी टीमें संचालन को प्रबंधित करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेंगी। यात्रियों से अनुरोध किया

## सिंगूर में आज पीएम मोदी की जनसभा, ₹830 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं की दी सौगात

**जागो वर्ल्ड -पश्चिम बंगाल**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय बंगाल दौरे के दूसरे दिन रविवार दोपहर को सिंगूर पहुंचेंगे। वह यहां बंद पड़े टाटा नैनो कार प्लांट की साइट से राजनीतिक संदेश देते हुए विकास और औद्योगिकीकरण का एजेंडा पेश करेंगे।टाटा को सिंगूर वापस लाया जाएगा- B J P सिंगूर का चुनाव प्रतीकात्मक महत्व के कारण किया गया है। करीब दो दशक पहले यहां टाटा प्लांट के विरोध में चलाए गए हिंसक आंदोलन के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन किया था, जिससे टाटा को गुजरात में परियोजना स्थानांतरित करनी पड़ी। भाजपा ने वादा किया है कि अगर सत्ता में आएगी तो टाटा को सिंगूर वापस लाया जाएगा।बंगाल को मिलेगी कई परियोजनाओं की सौगात प्रधानमंत्री मोदी बालागरह में विस्तारित पोर्ट ◌ेट सिस्टम के लिए भूमि -पूजन करेंगे, जिससे आंतरिक जल परिवहन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। पीएमओ के अनुसार, यह परियोजना भारी माल परिवहन को भीड़भाड़ वाले शहरी मार्गों से हटाकर सड़क सुरक्षा ,प्रदूषण नियंत्रण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगी । इसके अलावा, मोदी कोलकाता में 50-यात्री क्षमता वाली इलेक्ट्रिक कैटामरान को भी लॉन्च करेंगे, जिसे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने देश में निर्मित किया है। यह परियोजना हुगली नदी के पास शहरी जल यातायात, इको-टूरिज्म और अंतिम मील यात्री कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी। सिंगूर से तीन अमृत भारत ट्रेनें भी रवाना की जाएंगी, जो कोलकाता को दिल्ली, वाराणसी और चेन्नई से जोड़ेंगी, जिससे बंगाल की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी।वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को दिखाई हरी झंडी शनिवार को पीएम मोदी ने मालदा से राज्य के लिए रेल और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया और हावड़ा-गुवाहाटी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का फ्लैग ऑफ किया। जनसभा में उन्होंने टीएमसी सरकार पर अवैध प्रवासन को लेकर आरोप लगाए, जिसमें उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ से राज्य की जनसंख्या संरचना बदल गई है और दंगे भड़के हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों के लिए चुनाव अगले कुछ महीनों में होने हैं।

## उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के आंकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता के लिए डाटा संग्रह प्रणाली की मजबूती पर दिया जोर

**जागो वर्ल्ड - कुल्लू / प्रिया शर्मा**



कुल्लू जिला के विभिन्न विभागों के आंकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के प्रभावी नियोजन के लिए सांख्यिकीय डेटा संग्रह तंत्र में दोहराव को रोकना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना अनिवार्य है। आर्थिक संकेतक के संबंध में उन्होंने कहा कि जिला का सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय के वर्तमान आंकड़े वास्तविकता से कम प्रतीत होते हैं। इसमें जिले की प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं और पर्यटन गतिविधियो के योगदान को ढंग से शामिल करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन क्षेत्र में फुटफॉल पर्यटकों की संख्या के आंकड़ों को और अधिक सटीक बनाने के लिए होम स्टे, टोल बूथ और ग्रीन बैरियर पर डेटा संग्रह प्रणाली को मजबूत करने पर बल दिया गया। विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों की भी पुनः जांच करने की बात कही गई।उपायुक्त ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि वे कृषि और बागबानी के आंकड़े अंतिम रूप देने से पहले संबंधित हितधारक विभागों से परामर्श करें। वर्तमान में दर्ज तीन प्रतिशत शुद्ध सिंचित क्षेत्र जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता, जिसकी समीक्षा आवश्यक है। जिला सुशासन सूचकांक के तहत विभिन्न संकेतकों पर भी चर्चा की गई। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधाओं के आंकड़ों की समीक्षा करने पर्यावरण सूचकांक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-ऑफिस का उपयोग पर सभी कार्यालयों को इसे प्रभावी ढंग से अपनाने के निर्देश दिए गए। विभागों को निर्देश दिए गए कि वे डेटा संग्रह में पारदर्शिता बरतें । बैठक में सहायक जिला सांख्यिकी अधिकार चेत राम ने विस्तृत प्रस्तुति दी। जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी व अन्य मौजूद रहे।

## कर्नाटक सरकार ने IPL मैचों से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को सशर्त मंज़ूरी दी

**जागो वर्ल्ड -बेंगलुरु**



> गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, "समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था।"

गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन और उन पर रखे गए "भरोसे" पर आधारित है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए, परमेश्वर ने कहा कि सरकार का फैसला कई निरीक्षणों और समिति की रिपोर्टों के बाद आया है, लेकिन यह भी माना कि सुरक्षा शर्तों का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, "उन्होंने लिखित में दिया है कि वे शर्तों को पूरा करेंगे। हमने उन पर भरोसा किया है।"गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, "समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था।" बाद में सिफारिशों की जांच के लिए एक कैबिनेट-स्तरीय समिति का गठन किया गया, जबकि महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक अलग समिति ने भी अनुपालन की स्थिति का अध्ययन किया।परमेश्वर ने कहा, "महेश्वर राव समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, और नई कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन समिति ने कहा है कि वह सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करेगी।" यह देखते हुए कि आईपीएल मार्च में शुरू होने वाला है, परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा, "आईपीएल से पहले अल्पकालिक शर्तों को पूरा करना होगा। उसी के आधार पर, हमने शर्तों के अधीन अनुमति दी है।"उन्होंने कहा कि सरकार अनुपालन की निगरानी करती रहेगी, खासकर प्रमुख सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में। उन्होंने कहा, "हम देखेंगे कि वे एक और प्रमुख शर्त को भी पूरा करते हैं या नहीं, यह कहते हुए कि स्टेडियम में काम पहले ही शुरू हो चुका है और सभी गेट साफ कर दिए गए हैं। एक गंभीर भीड़ नियंत्रण घटना के महीनों बाद मिली यह सशर्त मंज़ूरी, सरकार के कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन से मिले आश्वासनों पर निर्भरता पर ध्यान आकर्षित करती है, जिसमें परमेश्वर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मंज़ूरी जवाबदेही और निर्धारित शर्तों का सख्ती से पालन करने पर निर्भर है।

# कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पीपलू में बनेगा अत्याधुनिक खेल मैदान, जिला स्तरीय पीपलू मेले की व्यवस्थाओं को मिलेगी बड़ी राहत, विवेक शर्मा

## बोले, पीपलू में खेल मैदान निर्माण होने पर खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिताओं को करवाने में भी होगी आसानी

जागो वर्ल्ड -बंगाणा / कुटलैहड़ / जोगिंदर देव आर्य



बंगाणा, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पीपलू में इस वर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेले से पहले एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा की घोषणा के अनुसार बीते वर्ष पीपलू में खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू हुआ था लेकिन अब पीपलू के बनने वाले खेल मैदान को आधुनिक रूप से तैयार किया जाएगा। और पीपलू में खेल मैदान का निर्माण कार्य मेले से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस खेल मैदान के निर्माण से न केवल मेले की व्यवस्थाओं में प्रशासन को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा। विवेक शर्मा ने बताया कि पीपलू में खेल मैदान के लिए भूमि का चयन पहले ही कर लिया गया था और प्रारंभिक स्तर पर कार्य भी आरंभ किया गया था। जिसमें लाखों की धनराशि खर्च करके भूमि समतल करवाई गई थी। इस खेल मैदान का निर्माण पीपलू के सोलहसिंगी धार क्षेत्र में किया जा रहा है, जहां सौंदर्यकरण के साथ एक आधुनिक खेल मैदान विकसित होगा उन्होंने कहा कि यह मैदान भविष्य में क्षेत्र की पहचान बनेगा और धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की याद दिलाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हर वर्ष जिला स्तरीय पीपलू मेले के दौरान तीन दिनों तक भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में प्रशासन को पार्किंग सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मैदान में चाहे सांस्कृतिक कार्यक्रम हो या फिर अन्य गतिविधियों को सुचारू रूप से आयोजित किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि पीपलू मेला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा हुआ है। खेल मैदान बनने से मेले की भव्यता और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित होंगी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। विधायक विवेक शर्मा ने विशेष रूप से क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों की बात करते हुए कहा कि उनका संकल्प है कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं पीपलू का यह खेल मैदान क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित अन्य खेल गतिविधियों के लिए उपयोगी होगा। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का अभाव होने के कारण कई प्रतिभाएं उभर नहीं पातीं। इस खेल मैदान के बनने से न केवल पीपलू बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। यहां समय- समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने में वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट लक्ष्य के साथ नरसिंह नारायण मंदिर पीपलू और उसके आसपास के क्षेत्र का समग्र विकास किया जा रहा है। मंदिर परिसर के सौंदर्यकरण, सुविधाओं के विस्तार और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान और मंदिर विकास कार्य मिलकर पीपलू को एक नई पहचान देंगे। आने वाले समय में पीपलू धार्मिक पर्यटन खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। विधायक विवेक शर्मा ने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और जनता से किए गए हर वादे को धरातल पर उतारा जा रहा है। और कुटलैहड़ की जनता की हर मांग और समस्या का निरंतर समाधान भी किया जा रहा है।

# गगरेट में दिनदहाड़े गुंडागर्दी पर भड़के देवीलाल, ट्रक यूनियन प्रधान पर कड़ी कार्रवाई की मांग

जागो वर्ल्ड - गगरेट/अम्ब /ज्योति स्याल



आज नेहरू युवा मंडल के प्रधान देवी लाल ने अपनी प्रेस वार्ता के माध्यम से गगरेट ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान और उसके साथियों द्वारा दिनदहाड़े गुंडागर्दी का नंगा नाच किए जाने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है देवीलाल ने अपनी प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि वीरवार देर रात्रि दा विशाल हिमाचल ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान और उसके साथियो द्वारा गगरेट स्कूल के पास स्थानीय युवक का रास्ता रोककर उससे लूटपाट गाली गलौज ,मारपीट और उसे बंधक बनाकर गाड़ी में डालने जबरदस्ती राजीनामा करने पर कार्रवाई के लिए विधायक राकेश कालिया व प्रशासन से मांग की है देवीलाल लाल ने कहा कि गगरेट नगर पंचायत में आए दिन ट्रक यूनियन के प्रधान और और उसके गुर्गे लगातार सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने की साजिश रचते रहते हैं जिससे कोई अप्रिय घटना घटने का अंदेशा बना रहता है उन्होंने कहा कि जितनी भी मारपीट और गुंडागर्दी हो रही है उसके पीछे ट्रक यूनियन के प्रधान का हाथ है चाहे लुमिनस फैक्ट्री के कर्मचारियों से मारपीट और बाद में गुंडागर्दी के साथ आए दिन मारपीट और धमकियां की घटनाएं सरेआम होनी शुरू हो गई है जिससे गगरेट बाजार के हालात खराब करने की साजिश है उन्होंने कहा कि वीरवार को रात्रि 9 बजे के करीब एक स्थानीय सुचेतन बंसल का रास्ता रोककर गाली गलौज, लूटपाट ,मारपीट सहित उसे अपनी निजी गाड़ी में बंधक बनाकर रखा और इसे जबरदस्ती शराब पिलाकर अपने पद का रोब डाल कर राजीनामा करने के लिए गगरेट थाने में ट्रक यूनियन के प्रधान ने अपने दर्जनों साथियों के साथ एक समझौता लिखकर उसे पर युवक की दस्तक करवा लिए युवक ने जब इसका विरोध किया तो गगरेट थाने में प्रधान और उसके साथियों ने जोरदार हंगामा किया। और जहां पर प्रधान और उसके साथियों ने हुड़दंग मचाया वहां की सीसी फुटेज पुलिस विभाग को लेकर इन लोगों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए देवीलाल ने कहा की यूनियन का प्रधान अपने पद और पैसे का रोब डालकर मामले को रफा दफा करवाने का दबाव पीड़ित युवक पर डाल रहा है और प्रशासन को सचेत करते हुए विनती की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए। और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि जो कुछ माह पहले ऊना जो में मर्डर हुआ था बह भी ऐसी मारपीट और कहा सुनी के चलते हो गया था इस लिए गगरेट में क्रेशर मालिकों से फिरौती यूपी बिहार की माफिया वाली संस्कृति न पनप सके इसलिए ऐसी वारदातों को सकतीं से निपटाना चाहिए उन्होंने हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू विधायक राकेश कालिया , डीसी ऊना जतिन लाल, जिला पुलिस कप्तान अमित यादव , डीएसपी अनिल पटियाल और गगरेट थाना प्रभारी रमेश चंद्र से विनती है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में गगरेट बाज़ार की अमर शांति को कोई भंग ना कर सके।

# एपीडा के जनरल मैनेजर का बंगाणा दौरा,किसानों को मिला विपणन मार्गदर्शन

जागो वर्ल्ड -बंगाणा / कुटलैहड़ / जोगिंदर देव आर्य

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण भारत सरकार के जनरल मैनेजर हरप्रीत सिंह ने शनिवार को जिला ऊना के विकासखंड बंगाणा का दौरा किया। इस दौरान पंचायत घर मुच्छाली की मीटिंग हॉल में बागवानी विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया।कार्यक्रम में सिंह ने किसानों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए उनके अनुभवों व समस्याओं पर फीडबैक लिया। अन्य प्रगति- शील किसानों को बागवानी उत्पादों के विपणन, नए बाजार अवसरों, निर्यात संभावनाओं तथा गुणवत्ता सुधार को लेकर भविष्य उन्मुख मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर बागवानी विभाग की ओर से विषय विशेषज्ञ उद्यान डॉ. पूजा सैनी उद्यान विकास अधिकारी डॉ. वरिंदर भारद्वाज, उद्यान प्रसार




अधिकारी अनुपम शर्मा, डॉ. वंदना, उपप्रधान अजय शर्मा, उपप्रधान अशोक कुमार, शक्ति चंद सहित जिला ऊना के अनेक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। बैठक के दौरान किसानों ने विपणन, मूल्य संवर्धन एवं बाजार से जुड़ी जानकारियों में विशेष रुचि दिखाई।यह दौरा किसानों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा

# ठथल गांव में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

जागो वर्ल्ड -दौलतपुर चौक /संजीव डोगरा



उपमंडल अंब के गांव ठथल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास सुमित भारद्वाज महाराज ने अपने मधुर, सरल एवं प्रेरणादायक प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव- विभोर कर दिया प्रवचनों के दौरान सुमित भारद्वाज महाराज ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अहंकार होता है। अहंकार के कारण ही महाभारत में कौरवों का तथा रामायण में रावण का विनाश हुआ। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव नम्रता के साथ भगवान की भक्ति करनी चाहिए और अपने घर-परिवार में छोटे-बड़ों के प्रति आदर व प्रेम बनाए रखना चाहिए।महाराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार व्यक्ति जीवन में बैंक बैलेंस बनाता है, उसी प्रकार मृत्यु के बाद काम आने वाला "भक्ति बैलेंस" भी हर मनुष्य को अपने जीवन में अवश्य बनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों के संस्कारों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों को संस्कारी बनाने से पहले माता-पिता और बड़ों को अपने स्वयं के आचरण में सुधार लाना चाहिए के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विद्या के देवता भगवान भोले शंकर हैं इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा के लिए शिव मंदिर अवश्य भेजना चाहिए। भोले शंकर शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं और उन्हें जल, दूध व बेलपत्र अर्पित करने से शीघ्र कृपा प्राप्त होती है। उसी प्रकार नास्तिक व्यक्ति को भगवान का अस्तित्व दिखाई नहीं देता और अंत समय में उसे कष्टों का सामना करना पड़ता है।कथा स्थल पर पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण किया और धर्मलाभ प्राप्त किया

# ठाकुरद्वारा देओली में निर्माण कार्य के लिए चैतन्य शर्मा ने दिए 51 हजार रुपये

जागो वर्ल्ड - गगरेट/अम्ब /ज्योति स्याल



प्रदेश भाजयुमो उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने ठाकुरद्वारा देओली में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए अपनी ओर से 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। चैतन्य शर्मा ठाकुरद्वारा देओली में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ठाकुरद्वारा कमेटी के सदस्य कैप्टन राजेश मिन्हास और हैप्पी से मुलाकात कर निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। चैतन्य शर्मा ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास समाज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सशक्त करता है और ऐसे कार्यों में सहयोग करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि ठाकुरद्वारा देओली में चल रहा निर्माण कार्य श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है और इसके पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। इसी भावना के तहत उन्होंने कमेटी को 51 हजार रुपये की राशि भेंट की। इस अवसर पर कैप्टन बलबीर मिन्हास, सूबेदार अजमे रडडवाल, वारियम सिंह, विजय कुमार, अशोक कुमार, जनक मिन्हास, जनक सिंह, अमन मिन्हास, सुरेंद्र कश्यप, राजू कश्यप, दिलबाग सिंह, राजीव पराशर, किरण देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने चैतन्य शर्मा द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली द्वारा गांव भरसाली में जोड़ों के दर्द को लेकर स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

जागो वर्ल्ड -ऊना / हरोली / सिमरन कौर



अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली द्वारा गांव भरसाली में जोड़ों के दर्द को लेकर स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 69 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 36 मरीजों के मेडिकल टेस्ट किए गए शिविर के दौरान लोगों को जोड़ों के दर्द के कारणों एवं बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि जोड़ों का दर्द आमतौर पर उम्र बढ़ने, ठंड के मौसम, अधिक मेहनत, कैल्शियम की कमी, गलत बैठने-उठने की आदतों और गठिया जैसी समस्याओं के कारण होता है। इससे बचाव के लिए नियमित हल्का व्यायाम, संतुलित व पौष्टिक आहार, पर्याप्त धूप लेना, शरीर का वजन नियंत्रित रखना और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है ।इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि, मनीष ठाकुर व निहाल सिंह सहित स्वास्थ्य टीम तथा आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऊना ज़िला में एंटी चिट्टा अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगी विशेष बैठकें

जागो वर्ल्ड - ऊना /ब्यूरो रिपोर्ट



## विकासखंड अम्ब और बंगाणा में 21 और विकासखंड हरोली, ऊना व गगरेट में 22 को लगेंगी विशेष बैठकें

ऊना जिला में एंटी चिट्टा अभियान के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में विकास खंड अंब और बंगाणा की समस्त ग्राम पंचायतों में 21 जनवरी को, जबकि विकास खंड गगरेट, हरोली एवं ऊना की ग्राम पंचायतों में 22 जनवरी को विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी इस संबंध में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 5 तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (सामान्य) नियम, 1997 के नियम 9(2) के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन विशेष बैठकों में नशे के दुष्प्रभावों, विशेष रूप से चिट्टा जैसे घातक नशे से समाज पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। साथ ही नशा तस्करों की सूचना देने वाले जागरूक नागरिकों को राज्य सरकार द्वारा नकद पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभा सकें ।उन्होंने बताया कि नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न सकारात्मक कदमों और योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा पंचायत को नशामुक्त एवं चिट्टामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी।उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि पंचायत स्तर पर जनभागीदारी से ही नशे के खिलाफ इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान किया जा सके। इसके अलावा मेरा गांव मेरी धरोहर के सफल क्रियान्वयन को लेकर 26 जनवरी को ऊना जिला की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक आयोजित होगी।

# दौलतपुर चौक क्षेत्र में स्मार्ट मीटरिंग शुरू, अब मोबाइल व ई-मेल पर मिलेगा बिजली बिल

जागो वर्ल्ड -दौलतपुर चौक /संजीव डोगरा



दौलतपुर चौक क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि क्षेत्र में स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। कई स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं तथा शेष क्षेत्रों में यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से जारी है।स्मार्ट मीटर लगने के उपरांत अब बिजली उपभोग के आधार पर बिल मोबाइल नंबर अथवा ई- मेल के माध्यम से जारी किए जाएंगे। इस नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को कागजी (हार्ड कॉपी) बिजली बिल उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे बिजली बिल की हार्ड कॉपी की प्रतीक्षा न करें और मोबाइल संदेश या ई-मेल के माध्यम से प्राप्त बिल के अनुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि विलंब शुल्क या किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके ।इसके साथ ही उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर या ई- मेल आईडी अपडेट नहीं है, वे शीघ्र-अति शीघ्र अपने संबंधित विद्युत कार्यालय अथवा फील्ड स्टाफ से संपर्क कर अपना विवरण अपडेट करवाएं। विभाग का कहना है कि स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली उपभोक्ताओं की सुविधा, पारदर्शिता तथा स्वचालित व सटीक बिलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आम जनता से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# उपमुख्यमंत्री ने किया श्री गुरु रविदास मंदिर बालीवाल के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण

जागो वर्ल्ड - ऊना / हरोली / सिमरन कौर

बोले .उम्दा बदलाव की कहानी लिख रहा हरोली ऊना, 17 जनवरी. उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु रविदास मंदिर बालीवाल में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण 25 लाख रुपये की लागत से किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने मंदिर समिति द्वारा किए गए बेहतर कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामुदायिक भवन समाज में एकता, समरसता एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा देते हैं। हरोली अगले 50 वर्षों की जरूरतों के अनुरूप संवर रहा उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र आज बदलाव की उम्दा कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में इस क्षेत्र ने अनेक कठिनाइयां देखी हैं, किंतु लक्ष्य यह है कि आने वाली पीढ़ी को सर्वोत्तम माहौल और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों।उन्होंने कहा कि हम अब जो हरोली बना रहे हैं, वह बच्चों के लिए है, उनकी आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए है। क्षेत्र में अगले 50 वर्षों की विकास जरूरतों के अनुरूप योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं दिसंबर 2027 तक प्रदेश का सबसे अग्रणी गांव होगा बालीवाल उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कभी बालीवाल गांव बेहद पिछड़ा हुआ माना जाता था, लेकिन अब गांव योजनाबद्ध ढंग से विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2027 तक बालीवाल को प्रदेश का सबसे अग्रणी गांव बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। 100 करोड़ की नई सिंचाई योजना स्वीकृत उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 100 करोड़ रुपये की नई सिंचाई योजना स्वीकृत की गई है। इसके तहत पुरानी सिंचाई परियोजनाओं



की रिमॉडलिंग की जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन को नई गति प्राप्त होगी।उन्होंने जोड़ियां क्षेत्र को लेकर कहा कि 2027 से पहले हर हाल में खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि ऊना जिले में विभिन्न जल परियोजनाओं पर लगभग 1000 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं बीत क्षेत्र अब नकदी फसलों का गढ़उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बीत क्षेत्र कभी पानी की किल्लत से जूझता था, लेकिन आज यह नकदी फसलों का गढ़ बन चुका है। उन्होंने बताया कि 75 करोड़ रुपये की लागत से उठाऊ पेयजल योजना बीत एरिया फेज-2 पर कार्य तेज़ी से जारी है, जबकि फेज-1 के तहत 44 करोड़ रुपये की लागत से कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है। बल्क ड्रग पार्क से अंतरराष्ट्रीय पहचानउन्होंने कहा कि 2000 करोड़ रुपये की बल्क ड्रग पार्क परियोजना साकार होने पर हरोली का बीत क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर विशिष्ट पहचान बनाएगा। यह परियोजना देश में बन रही ऐसी तीन प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। 4 2 करोड़ की सड़क और 20 करोड़ से तालाब होंगे पुनर्जीवित उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पंजुआना से बल्क ड्रग पार्क के प्रशासनिक ब्लॉक तक सड़क निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्राचीन तालाबों (टोबों) को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक, सुंदर और बहुउद्देशीय सरोवरों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिस पर लगभग 20 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं।धर्मस्थलों के विकास को करोड़ोंइनमें शीतला माता मंदिर ईसपुर के भव्य मंदिर का निर्माण 6.88 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। इसके अलावा संत श्री गुरु रविदास मंदिर भदसाली को 71 लाख, श्री गुरु रविदास सत्संग सभा सलोह, श्री बाबा सिद्ध जालंधरी मंदिर गोंदपुर, श्री बाबा नैना मंदिर कांगड़, संता बाबा डांगू वाले बीटन, बीटन में कुटिया निर्माण, सलोह में कुटिया निर्माण, राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां, बनौड़े महादेव बहडाला, गुरु रविदास मंदिर दुलैहड़ और ललड़ी के लिए 25-25 लाख रुपये, संत गुरू रविदास मंदिर हरोली और सलोह में कुटिया निर्माण, संतगुरु रविदास मंदिर धनुपर, पंजवार, श्री चाणो मंदिर बढ़ेड़ा के लिए भी पर्याप्त धनराशि मंदिरों के सौंदर्यीकरण, बेहतर रख- रखाव के साथ -साथ आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदान की गई है। कांग्रेस नेता धर्मचंद चौधरी, जसपाल जस्सा तथा स्थानीय निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार गुरदेव सिंह ने क्षेत्र में पानी, सड़क, बिजली एवं अन्य सामुदायिक भवन निर्माण और विकास कार्यों के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जसपाल जस्सा, धर्मचंद चौधरी, धर्मपुर की प्रधान सुभद्रा चौधरी, वार्ड सदस्य अवतार सिंह, तरसेम, गोपाल, बीडीओ मुकेश ठाकुर, रजनीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री स्वयं गृहमंत्री, फिर भी चुने हुए प्रति- निधियों की गुंडागर्दी बेलगाम : रणधीर

जागो वर्ल्ड - शिमला / टीना ठाकुर



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस शासन के दौरान लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पूरी तरह आउट ऑफ कंट्रोल हो चुकी है। मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राउगी पंचायत में राजस्व विभाग की टीम पर किया गया हमला इस बात का जीवंत प्रमाण है कि अब प्रदेश में कानून का नहीं, बल्कि राजनीतिक दबंगों का राज चल रहा है ।रणधीर शर्मा ने कहा कि सरकारी आदेश के तहत जमीन की निशानदेही करने पहुंचे पटवारी भोप सिंह और अन्य अधिकारियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह न केवल प्रशासन पर हमला है, बल्कि कानून के शासन को खुली चुनौती है। आरोप है कि बीडीसी नग्गर के अध्यक्ष खेख राम ने अपने राजनीतिक रुतबे का दुरुपयोग करते हुए पहले राजस्व कर्मचारियों को धमकाया, फिर कानूनगो और पटवारी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी तक दी।उन्होंने कहा कि पटवारी भोप सिंह गंभीर रूप से घायल अवस्था में ढालपुर अस्पताल में भर्ती हैं। यह अत्यंत शर्मनाक है कि सरकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सुरक्षित नहीं हैं। यदि राजस्व अधिकारी ही सुरक्षित नहीं, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के गृहमंत्री स्वयं मुख्यमंत्री हैं, तो आखिर कानून व्यवस्था की यह दुर्दशा किसकी जिम्मेदारी है? क्या कांग्रेस सरकार अपने ही चुने हुए प्रतिनिधियों पर कानून लागू करने का साहस रखती है या फिर सत्ता के संरक्षण में ऐसी गुंडागर्दी को खुली छूट दी जा रही है?रणधीर शर्मा ने कहा कि यह पहला मामला नहीं है कांग्रेस राज में लगातार अपराध, हिंसा, अवैध कब्जे और प्रशासनिक अधिकारियों पर हमले बढ़ रहे हैं। इससे साफ है कि सरकार का नियंत्रण पूरी तरह कमजोर हो चुका है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने मांग की कि आरोपी खेख राम के खिलाफ तत्काल कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए, पीड़ित पटवारी को पूर्ण सुरक्षा दी जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि राजनीतिक पद किसी को कानून से ऊपर नहीं बनाता। रणधीर शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सरकार ने इस मामले में कठोर कार्रवाई नहीं की, तो भाजपा प्रदेशभर में इस अराजकता और गुंडागर्दी के खिलाफ आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। प्रदेश की जनता अब यह पूछ रही है क्या हिमाचल में कानून बचेगा या कांग्रेस की सत्ता में गुंडागर्दी चलेगी?

# चित्रलेखा जी की भागवत कथा से पांवटा साहिब भक्तिमय, नगर परिषद मैदान में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जागो वर्ल्ड - बिलासपुर / सुभाष चंदेल

पांवटा साहिब के नगर परिषद मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा और आस्था का केंद्र बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक चित्रलेखा जी अपनी मधुर, ओजस्वी और भावपूर्ण वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर रही हैं। कथा सुनने के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पांवटा साहिब पहुंच रहे हैं।रविवार को कथा स्थल पर हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और युवा मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पूरा पंडाल खचाखच भर गया, जबकि आसपास के क्षेत्र में भी लोगों का जमावड़ा देखने को मिला। जय श्रीकृष्ण और हरि नाम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथावाचक चित्रलेखा जी देश -विदेश में अपनी कथाओं के लिए जानी जाती हैं। वे श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति मार्ग, संस्कार, नारी सम्मान और मानव जीवन के मूल्यों पर सरल एवं भावनात्मक ढंग से प्रकाश डालती हैं। उनकी कथा शैली की विशेषता यह है कि वे धार्मिक प्रसंगों को आम जनजीवन से जोड़कर प्रस्तुत करती हैं, जिससे हर वर्ग के लोग कथा से आत्मिक रूप से जुड़ते हैं।इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में शाम सुख मंडल के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मंडल सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए पिछले छह महीनों से लगातार तैयारियां की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हिमाचल प्रदेश में, विशेष रूप से पांवटा साहिब क्षेत्र का अब तक का एक बड़ा और ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम है।कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। सेवादार पूरे समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

**भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति मार्ग, संस्कार, नारी सम्मान और मानव जीवन के मूल्यों पर सरल एवं भावनात्मक ढंग से प्रकाश डालती हैं।**

# गगरेट भाजपा मंडलों की संयुक्त बैठक आयोजित, संगठन मजबूती व योजनाओं के प्रचार पर जोर

जागो वर्ल्ड - गगरेट/अम्ब / ज्योति स्याल

अम्बोटा में भारतीय जनता पार्टी के गगरेट एवं दौलतपुर मंडलों की संयुक्त बैठक ग्राम केंद्र प्रमुख एवं ग्राम शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला मंडल प्रभारी रविंद्र कुमार द्विवेदी ने की, जबकि विशेष रूप से प्रदेश भाजयुमो उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में दोनों मंडलों के ग्राम केंद्र प्रमुख एवं ग्राम शक्ति केंद्र प्रभारियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा बूथ स्तर तक प्रदेश सरकार की नीतियों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।जिला मंडल प्रभारी रविंद्र कुमार



द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ प्रभारी सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को घर- घर तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करें, ताकि आम जन को सरकार की नीतियों का सीधा लाभ मिल सके। वहीं चैतन्य शर्मा ने संगठनात्मक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही आगामी चुनौतियों में पार्टी को सफलता दिला सकता है बैठक में दौलतपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर, महामंत्री अतुल शर्मा, विकास डडवाल, पंकज कोंडाल, राजीव पराशर सहित जगदीश राणा, विकास, तरसेम, सिम्मी, दिनेश जरियाल, लक्ष्मी जरियाल, मंजू जरियाल, प्रकाशो देवी, सनी पटियाल, रविंदर सिंह, मंगल सिंह, विक्रम ठाकुर, अश्वनी पठानिया, पूनम ठाकुर, मनीष शर्मा, राजमोहन, अमित परमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राम महोत्सव के उपलक्ष्य पर श्री राम सेना ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

जागो वर्ल्ड - सोलन / स्वास्तिक गौतम



निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ( एफ आई आई) का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक के नेतृत्व में थाईलैंड के लिए रवाना हुआ। इस दल में हिमाचल प्रदेश के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ- साथ उद्योग एक्सपर्ट से जुड़े सदस्य भी शामिल हैं। फेडरेशन के हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष चिरंजीव सिंह सचिव अखिलेश और संगठन मंत्री डॉ आर एस राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इंडस्ट्रियल विजिट लगभग एक वर्ष पूर्व तय की गई थी। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ एवं युवा उद्यमी दिल्ली से थाईलैंड के लिए रवाना हुए हैं।उन्होंने बताया कि इस औद्योगिक दौरे के दौरान फार्मा, आयुर्वेदिक, फूड प्रोसेसिंग सहित अन्य उत्पादों के आयात-निर्यात की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। साथ ही हिमाचल प्रदेश से थाईलैंड को निर्यात की जा सकने वाली वस्तुओं और उत्पादों को लेकर भी गहन मंथन किया जाएगा। दौरे के दौरान फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक थाईलैंड सरकार के साथ लगातार तीन दिनों तक आधिकारिक वार्ता करेंगे। इन बैठकों में न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि भारत के अन्य राज्यों से आयात और औद्योगिक सहयोग के विषयों पर भी चर्चा और शोध किया जाएगा ।हिमाचल प्रदेश और भारत के अन्य हिस्सों से इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष हिमाचल अनिल मलिक सतीश कुमार ढूंढवा, राजीव कंसल, , नेत्र प्रकाश कौशिक, सतपाल सिंह जस्सल, उमेश उदितेन्दु , गुरिंदर पाल देवेंद्र सिंह , उज्जवल, शौर्य, डॉ द्रव्या हितेंद्र , शिवम् , नेहा , सुनीता सहित भारत के अन्य उद्योगपति शामिल हैं। यह पांच दिवसीय औद्योगिक दौरा थाईलैंड सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान चैम्बर ऑफ़ थाई इंडस्ट्रीज, इंडियन अम्बेसी के साथ बैठकों का दौर होगा। इस प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्राप्त अनुभवों और औद्योगिक समझ से भविष्य में हिमाचल प्रदेश के उद्योग जगत को व्यापक लाभ मिलने की प्रबल संभावना है।

# केंद्र के सहयोग से कुटलैहड़ की बदली थी तस्वीर, अब विकास कार्यों की रफ्तार थमी: वीरेंद्र कंवर

जागो वर्ल्ड - ऊना / बंगाणा / जोगिंदर देव आर्य

बंगाणा रेस्ट हाउस में मीडिया से बोले कंवर,दिशा बैठक में अनुराग ठाकुर ने सुलझाए कुटलैहड़ के सारे जनता के मसले,बंगाणा, अखिल भारतीय बॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों, लंबित योजनाओं और मौजूदा हालात पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनके कार्य काल में केंद्र सरकार के सहयोग से कुटलैहड़ क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ, लेकिन पिछले तीन वर्षों में स्थिति बदल गई है और क्षेत्र एक बार फिर पिछड़ेपन की ओर बढ़ रहा है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि हाल ही में ऊना में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाजपा सांसद एवं पूए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह कई प्रमुख समस्याओं को गंभीरता से उठाया और संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि दिशा बैठक में उठाए गए मुद्दे कुटलैहड़ के भविष्य से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं।पूर्व मंत्री ने बताया कि दिशा बैठक में 972 करोड़ रुपये की लागत से लाठियानी,मंदली सड़क परियोजना के कार्य को शुरू करने पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि यह परियोजना कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए रीढ़ साबित होगी। इस सड़क के बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, कृषि और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि यह परियोजना वर्षों से लोगों की मांग रही है, जिसे अब धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। लाठियानी बाजार की समस्या पर बात करते हुए वीरेंद्र कंवर ने कहा कि पुल निर्माण कार्य के चलते लाठियानी बाजार की गतिविधियां प्रभावित हो रही



थीं। स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों ने इस समस्या को सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के समक्ष रखा। इस पर दिशा बैठक में अनुराग सिंह ठाकुर ने विभाग को स्पष्ट आदेश दिए कि लाठियानी फ्लाईओवर के साथ-साथ लाठियानी बाजार को भी जोड़ा जाए, ताकि बाजार की आर्थिक गतिविधियां बाधित न हों और दुकानदारों को नुकसान न झेलना पड़े। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को सुविधा देना होता है, न कि उनकी आजीविका पर असर डालना। दुकानदारों की मांग को प्राथमिकता देते हुए लिया गया यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि भाजपा नेतृत्व जमीनी समस्याओं को गंभीरता से सुनता और समझता है। वीरेंद्र कंवर ने सेंट्रल स्कूल बंगाणा के निर्माण कार्य का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दिशा बैठक में इस कार्य को गति देने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाणा और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय विद्यालय अत्यंत आवश्यक है। लंबे समय से इसके निर्माण में हो रही देरी के कारण अभिभावकों और छात्रों में निराशा थी, लेकिन अब उम्मीद है कि कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने जानकारी दी कि बंगाणा सीवरेज परियोजना को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार से तीन करोड़ रुपये का प्रावधान स्वीकृत किया गया है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधा किसी भी कस्बे के स्वस्थ और व्यवस्थित विकास के लिए जरूरी होती है। इसके पूरा होने से बंगाणा क्षेत्र में गंदगी, जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। कुटलैहड़ क्षेत्र की सड़कों को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से नाबार्ड के तहत 54 करोड़ रुपये की राशि सड़कों के लिए स्वीकृत हुई थी। उन्होंने कहा कि इस राशि का उद्देश्य ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करना था, लेकिन दुर्भाग्यवश कई जगहों पर इन कार्यों की गति बेहद धीमी है। डिग्री कॉलेज बंगाणा में साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इंडोर स्टेडियम के बारे में वीरेंद्र कंवर ने कहा कि दिशा बैठक में इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह इंडोर स्टेडियम युवाओं और खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इससे क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाएं उभरकर सामने आ सकेंगी। पूर्व मंत्री ने प्लाहटा में 62 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे अटल आदर्श विद्यालय के कार्य बंद होने पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जुड़ी इतनी बड़ी परियोजना का बीच में रुक जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले में जिला प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कार्य क्यों बंद हुआ और इसे शीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। खडोल-तलमेहड़ा सड़क के निर्माण को लेकर वीरेंद्र कंवर ने कहा कि उनके कार्यकाल में इस सड़क के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे और उस राशि के अनुरूप कार्य पूरा भी किया गया। लाठियानी फ्लाईओवर के साथ बाजार को जोड़ने के आदेश, दुकानदारों और व्यापारियों को राहत। सेंट्रल स्कूल बंगाणा और इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश। बंगाणा सीवरेज के लिए 3 करोड़ और से सड़कों के लिए 54 करोड़ की स्वीकृति। 62 करोड़ के अटल आदर्श विद्यालय प्लाहटा का कार्य बंद होने पर जिला ◌रशासन से रिपोर्ट तलब। ऊना-बंगाणा सड़क को नेशनल हाईवे बनाने का प्रस्ताव, बंगाणा-थानाकला बाजार के विकास की राह आसान होगी।

# कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों की एससी,ओबीसी एवं किसान मोर्चा की अलग-अलग बैठकें संपन्न

जागो वर्ल्ड - ऊना / बंगाणा / जोगिंदर देव आर्य

कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों की एससी, ओबीसी एवं किसान मोर्चा की अलग -अलग बैठकें संपन्न, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर, बैठक में विस्तारक अमित एवं भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने दिए मोर्चा सदस्यों को टिप्स, सुक्ख सरकार की नाकामियों को घर घर पहुंचाने पर दिया बल,बंगाणा , कुटलैहड़ विस क्षेत्र के स्थित भाजपा कार्यालय में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भाजपा के दोनों मंडलों की एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा एवं भाजपा किसान मोर्चा की अलग- अलग बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इन बैठकों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित कुमार, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो तथा कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठकों में आगामी पंचायत चुनावों सहित संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित कुमार ने कार्यकर्ताओं से







आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और प्रदेश की सुक्खू सरकार की नाकामियों को जनता के सामने प्रभावी ढंग से रखें। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ सीधे आम नागरिक तक पहुंचा है, जबकि प्रदेश सरकार अपने वादों और गारंटियों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। अमित कुमार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सोशल मीडिया, जनसभाओं और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सरकार की विफलताओं को उजागर करें। बही कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने अपने संबोधन में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों में बूथ स्तर से अधिक से अधिक कार्य-कर्ताओं को पार्टी के साथ जोड़ा जाए, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में जीत का आधार मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही होंगे। दविंदर कुमार भुट्टो ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल जनता के लिए कालाध्याय साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने चुनाव से पहले जनता को जो गारंटियां दी थीं, उनमें से एक भी पूरी नहीं हुई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो सुक्खू सरकार की अपनी कोई गारंटी भी शेष नहीं रही है। प्रदेश का हर वर्ग——चाहे कर्मचारी हों, किसान हों, युवा हों या आम नागरिक सरकार की नीतियों से दुखी और निराश है।उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों के सभी मोर्चे अब चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आने वाले पंचायत चुनावों में कुटलैहड़ की जनता सुक्खू सरकार को आईना दिखाएगी और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की प्रचंड जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता अब बदलाव के मूड में है और भाजपा की नीतियों पर भरोसा कर रही है। बैठकों में एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स भी दिए गए। दबिंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रत्येक मोर्चा अपने- अपने वर्ग के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाए और उन्हें भाजपा की नीतियों एवं कार्यक्रमों से जोड़े। किसान मोर्चा को किसानों की समस्याओं, फसल बीमा, एमएसपी और केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को प्रमुखता से रखने के निर्देश दिए गए वहीं एससी और ओबीसी मोर्चा को सामाजिक न्याय, कल्याणकारी योजनाओं और सम्मान की राजनीति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी ने भी बैठक में शिरकत करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन, समन्वय और निरंतर संवाद ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी मोर्चों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने का आग्रह किया, ताकि चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी कार्य कर्ताओं ने भी संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर बैठकें करने और आम जनता के बीच जाकर भाजपा की नीतियों को पहुंचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाला समय भाजपा के लिए अवसरों से भरा है और यदि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मेहनत करें तो कुटलैहड़ क्षेत्र में भाजपा की स्थिति और मजबूत होगी।

# हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विरुद्ध तीखा हमला बोला

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विरुद्ध तीखा हमला बोला है। नंदा ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश आज एक ऐसे नेतृत्व के हाथ में है, जिसके पास न तो कोई नीति है और न ही कोई नियत। उन्होंने मुख्यमंत्री को 'पूरी तरह विफल' करार देते हुए कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है और सरकार केवल अपने चहेतों को पालने में व्यस्त है।उनके साथ प्रदेश सहमीडिया संयोजक ◌ाज कुमार पठानियाँ उपस्थित रहे।आपदा और दुर्घटनाओं का अंबार: सुक्खू सरकार मौनकरण नंदा ने प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब से कांग्रेस सत्ता में आई है, हिमाचल प्रदेश बदहाली के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, "आज हिमाचल में दुर्घटना पर दुर्घटना हो रही है और आपदा पर आपदा आ रही है, लेकिन सरकार चैन की नींद सोई हुई है।" नंदा ने निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों और प्राकृतिक आपदाओं के समय सरकार का राहत तंत्र पूरी तरह फेल साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री केवल मंचों से घोषणाएं करने में





माहिर हैं, जबकि धरातल पर जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।मंत्री लड़ रहे नीरो बंसरी बजा रहे हैं करन नंदा ने मंत्रियों की अधिकारियों को लेकर हो रही लड़ाई पर तंज कसते हुए कहा कि मंत्री लड़ रहे हैं और प्रदेश के मुखिया नीरो की तरह बंसरी बज रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ा विस्फोट होगा, कांग्रेस में टूट होगी और मुख्यमंत्री के विरुद्ध आने वाले समय में अनेक लोग खड़े होंगे। 'जनता परेशान, मित्रों की बल्ले-बल्ले'भाजपा मीडिया प्रभारी ने सरकार पर 'मित्रवाद' का आरोप लगाते हुए तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यकाल में आम जनता को दो वक्त की रोटी और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जबकि मुख्यमंत्री के खास 'मित्रों' की चांदी हो रही है। नन्दा ने कहा कि "यह सरकार जनता की नहीं, बल्कि अपने चहेते मित्रों की सरकार बनकर रह गई है। प्रदेश का खजाना खाली होने का रोना रोया जाता है, लेकिन ◌ेतों को कैबिनेट रैंक और सुख-सुविधाएं बांटने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही। जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रही है और मुख्यमंत्री के मित्रों की 'बल्ले-बल्ले' हो रही है।" व्यवस्था परिवर्तन नहीं, 'अवसरवाद' है यह सरकारकरण नंदा ने कांग्रेस के 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे को प्रदेश की जनता के साथ सबसे बड़ा मजाक बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यवस्था परिवर्तन का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आई थी, वह आज 'विनाशकारी परिवर्तन' में बदल चुका है। प्रदेश कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है, लेकिन फिजूलखर्ची रुकने का नाम नहीं ले रही। पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि 10 गारंटियों के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं और महिलाओं को केवल ठगा है।उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता अब कांग्रेस के इस 'कुशासन' से तंग आ चुकी है। जिस तरह से विकास कार्य ठप पड़े हैं औ केवल अपनों को उपकृत किया जा रहा है, उसका जवाब आने वाले समय में प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री को जरूर देगी।

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया



जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर

हिमाचल प्रदेश सरकार ने निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया है. राज्य सरकार इन बच्चों को हर महीने पॉकिट मनी देने के साथ बाहरी राज्यों का भ्रमण पर भी भेज रही है. शिमला से भी चिल्ड्रन ऑफ़ स्टेट को चंडीगढ़, आगरा, दिल्ली और गोवा के भ्रमण पर भेजा गया. इन सभी राज्यों से घूमने के बाद चिल्ड्रन ऑफ स्टेट वापस शिमला पहुंचे और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से मिले. इस दौरान बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ अपने भ्रमण का अनुभव साझा किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने निराश्रित बच्चों को न सिर्फ़ चिल्ड्रन ऑफ़ स्टेट का दर्जा दिया, बल्कि उन्हें उनका अधिकार भी दिया है. सुख- आश्रय योजना के तहत राज्य सरकार इन बच्चों को केवल संरक्षण ही नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक अवसर भी प्रदान कर रही है. इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक संस्थानों से परिचित करवाना था, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके.

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में उनकी केंद्रीय आलाकमान के साथ मुलाक़ात हुई है. आने वाले वक़्त में मंत्रिमंडल में फेरबदल भी संभावित है. मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ राज्य की वित्तीय स्थिति पर चर्चा की और हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार से उदार सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया. केंद्रीय मंत्री को 1 6 वें वित्त आयोग को प्रस्तुत किए गए ज्ञापन एवं अतिरिक्त ज्ञापन की जानकारी दी. उन्होंने राजस्व घाटा अनुदान को न्यूनतम 10,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित किए जाने का आग्रह किया. उन्होंने 1 6 वें वित्त आयोग के अवार्ड पीरियड के दौरान राज्यों के राजस्व एवं व्यय अनुमानों के यथार्थवादी आकलन पर बल दिया.

# दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश सरकार नशे के विरुद्ध सख़्त और निर्णायक कदम उठा रही

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर




माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के स्पष्ट दिशा - निर्देशों के अनुरूप प्रदेश सरकार नशे के विरुद्ध सख़्त और निर्णायक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में नशे के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।इसी क्रम में आज आयोजित कार्यक्रम में नशे के विरुद्ध जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा—विशेषकर चिट्टा जैसी घातक प्रवृत्ति— के दुष्परिणाम केवल किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे परिवार, समाज, राज्य और देश के भविष्य को प्रभावित करते हैं। देवभूमि एवं शांत प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले हिमाचल प्रदेश के लिए यह एक गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सामूहिक और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं।इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर चिट्टा- मुक्त एवं नशा - मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। यह शपथ केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रही, बल्कि सभी ने इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि नशे के दुष्परिणाम समाज के हर वर्ग को प्रभावित करते हैं, विशेषकर युवा वर्ग इसके सबसे बड़े शिकार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार बैंककर्मी के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम स्वयं नशे से दूर रहें और समाज, ग्राहकों तथा युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने आगे कहा कि मानव जीवन की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ईमानदारी, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनी पहचान बनाकर ही नशा- मुक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान बैंक के डायरेक्टर श्री देवेंद्र नेगी, श्री सतीश कुमार बक्सेठ, श्री अश्वनी कुमार तथा ने नशा- मुक्त हिमाचल प्रदेश के निर्माण में पूर्ण निष्ठा से योगदान का संकल्प दोहराया।

# किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बहुत सी जन हितैषी तथा कल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में क्रियान्वित की

जागो वर्ल्ड -पांवटा साहिब/ जीडी शर्मा



प्रदेश की अधिकांश जनसंख्या खेती बाड़ी पर निर्भर करती है, जिसके मद्देनज़र प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बहुत सी जन- हितैषी तथा कल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में क्रियान्वित की जा रही है ताकि किसानों की आर्थिकी को सशक्त बनाया जा सके। इन योजनाओं का लाभ उठाकर प्रदेश के किसान भी अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ बना रहे हैं।इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य किसानों को रासायनिक मुक्त, कम लागत वाली और पर्यावरण- संवेदनशील खेती की ओर प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार किसानों के प्राकृतिक उत्पादों को अच्छे दाम दिलाने के लिए प्रयासरत है, जिसके मद्देनज़र प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं, मक्की, जौ और कच्ची हल्दी के लिए क्रमशः 6 0 रुपये, 40 रुपये, 60 रुपये और 9 0 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। इसी योजना की लाभान्वित पांवटा साहिब के केदारपुर की तारावती ने बताया कि पिछले कई वर्षों से खेती कर रही है, लेकिन रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से उनकी भूमि की उर्वरता में कमी आ रही थी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही थीं। उन्होंने महसूस किया कि रासायनिक खेती से न केवल मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही हैं बल्कि उत्पाद में भी भारी गिरावट आ रही थी।तारावती ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना शुरू की तो उन्होंने शुरुआत में थोड़ी सी भूमि पर प्राकृतिक खेती का प्रयोग किया। उन्होंने देसी गाय के गोबर और गोमूत्र का उपयोग करके जैविक खाद तैयार करना व वनस्पतियों से कीटनाशक बनाना सीखा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से केवल 4 5 किलोग्राम हल्दी लगाई थी, जिसका लगभग सात क्विंटल उत्पादन हुआ। प्रदेश सरकार द्वारा यह फसल लगभग 3 8 हजार में खरीदी गई। उन्होंने बताया कि रासायनिक खेती की तुलना में प्राकृतिक खेती के माध्यम से अधिक उत्पादन हुआ साथ ही लागत में भी कमी आई तथा हल्दी की गुणवत्ता बेहतर हुई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से लगभग पौने दो क्विंटल हल्दी लगायी है जिससे उन्हें अनुमान है कि लगभग 22 क्विंटल इसका उत्पादन होगा। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उनकी आय तो बढ़ी साथ ही खर्च घटा है। उनकी सफलता ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि गांव के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के लिए बहुत ही संवेदनशील है जो ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में किसानों के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाओं का्वयन कर रही

# दो युवकों से सुजानपुर पुलिस ने नशीला पदार्थ चिटा बरामद किया



जागो वर्ल्ड - मंडी/ सचिन शर्मा

सुजानपुर शहर के एक निजी होटल में ठहरे दो युवकों से सुजानपुर पुलिस ने नशीला पदार्थ चिटा बरामद किया है। पकड़े गए दोनों युवक संधोल, जिला मंडी के निवासी बताए जा रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने होटल में दबिश देकर कार्रवाई की।जांच के दौरान पुलिस ने दोनों युवकों के कब्जे से 4.41 ग्राम नशीला पदार्थ गए हैं। पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।सुजानपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश धीमान ने जिला पुलिस अधीक्षक बलबीर ठाकुर के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि नशे के कारोबारियों के साथ - साथ नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों पर भी में यह कार्रवाई की गई है। पूछताछ में दोनों युवकों ने खुद को नशे का आदी बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एफआरए (वन अधिकार अधिनियम-2006) के संबंध में शिमला जिला की समीक्षा बैठक हुई

जागो वर्ल्ड - शिमला/ टीना ठाकुर




राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां एफआरए ( वन अधिकार अधिनियम - 2 0 0 6 ) के संबंध में शिमला जिला की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने एफ आरए के मामलों में अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए।जगत सिंह नेगी कहा कि मामलों का समयबद्ध निपटारा न होने की स्थिति में अधिनियम में जुर्माने का प्रावधान है, इसलिए अधिकारी कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एफआरए जन कल्याणकारी कानून है और इसे लागू करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने रोहड़, जुब्बल, चौपाल, शिमला - ग्रामीण और कुपवी के उप- मंडल अधिकारियों से एफआरए के मामलों की फीडबैक ली।राजस्व मंत्री ने कहा कि जिला शिमला में अब तक ग्रामसभा स्तर पर कुल 2 6 2 (सदस्य और समुदायों से) मामले प्राप्त हुए हैं। ग्रामीण स्तरीय वन अधिकार समितियों (एफआरसी) द्वारा 196 मामले उप- मंडल स्तरीय समितियों को भेजे गए हैं, लेकिन यह बेहद चिंता का विषय है कि एक भी मामला आज तक उप- मंडल स्तरीय समिति द्वारा जिला स्तरीय समिति को नहीं भेजा गया। की गई हैं। चौपाल में 277, डोडरा-क्वार में नौ, जुब्बल में 129, कोटखाई में 215, कुपवी में 53, कुमारसेन में 154, रामपुर में 216, रोहड़ू में 170 शिमला ग्रामीण में 473 शिमला शहरी में 1 9, सुन्नी में 180 और ठियोग में 3 7 1 वन अधिकार समितियां गठित की गई दौरान वर्ष, 2 0 0 6 में वन अधिकार अधिनियम को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्रदान की गई थी और 1 जनवरी, 2 0 0 8 से वन अधिकार अधिनियम लागू किया गया। उन्होंने कहा वन भूमि पर निवास करते आ रहे हैं और अपनी आजीविका की वास्तविक जरूरतों के लिए वन या वन भूमि पर निर्भर हैं,

# स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोहों की तैयारी को लेकर डीसी कार्यालय में बैठक आयोजित

जागो वर्ल्ड - शिमला/ टीना ठाकुर



स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोहों की तैयारी को लेकर डीसी कार्यालय में बैठक आयोजित पुलिस ग्राउंड केलांग में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोहों की तैयारियों के संबंध में आज उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता एसडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने की। बैठक की शुरुआत प्रमुख एजेंडों की समीक्षा से हुई जिसमे पुलिस विभाग को सुरक्षा, कानून- व्यवस्था बनाए रखने तथा अवसर पर परेड का सफल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया को प्रोटोकॉल अधिकारी नामित किया गया। इसके अलावा, निम्नलिखित तैयारियों हेतु निर्देश जारी किए गए जनता के लिए बैठने की व्यवस्था तथा ग्राउंड व शौचालयों की सफाई हेतु पीडब्ल्यूडी तथा साडा को जिम्मेदारी सौंपी गई।•जल संबंधी आवश्यकताओं हेतु जल शक्ति विभाग। •प्रशासन द्वारा रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था। विभिन्न विभागों तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार- विमर्श किया गया। स्थानीय स्कूलों तथा महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही, वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का फैसला किया गया तथा सभी विभागों से उनके विभागों के नाम सुझाने को कहा गया।अध्यक्षता कर रही एसडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने बैठक का समापन करते हुए कहा कि इन समारोहों को केवल औपचारिकता के रूप में नहीं लिया एसडीओ जल शक्ति संजय बोध सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित । दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रूची भट्ट के आगमन पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया

जागो वर्ल्ड -उत्तराखंड/राजेश कनोरिया



पर्यटन नगरी रानीखेत में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रूची भट्ट के आगमन पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा कुमाऊं मंडलीय सम्मेलन के साथ ही नवमनोनीत प्रदेश मंत्री विमला रावत का सम्मान भी किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रूची भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं सशक्त हैं और राज्य निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को उचित बाजार और सही मूल्य दिलाने की आवश्यकता है, जिसके लिए महिला मोर्चा सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से अपनी बात रखेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ महिलाओं को जागरूक होकर उठाना चाहिए। प्रदेश महामंत्र रश्मि रस्तोगी ने कहा कि विमला रावत के प्रदेश मंत्री बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी और अधिक संख्या में महिलाएं भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ेंगी। वहीं, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री विमला रावत ने कहा कि महिलाएं मेहनत से विभिन्न उत्पाद तैयार कर रही हैं, लेकिन उन्हें विपणन और उचित मूल्य की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस दिशा में स्थायी समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। कार्यक्रम में दर्जा राज्यमंत्री कैलाश पंत, कुमाऊं संयोजक अंजु भुड्डी, भाजपा जिलाध्यक्ष रानीखेत घनश्याम भट्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रानीखेत हेमा नेगी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख घन सिंह रावत , हेमन्त अधिकारी, रणजीत बिष्ट सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पीने के पानी के लिए लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे

जागो वर्ल्ड -ज्वाली/राजेश कनोरिया



जल शक्ति विभाग जवाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरसर में पीने के लिए लोगों में त्राहि- त्राहि मची हुई है। लोग पानी की बूंद- बूंद को तरस रहे हैं। लोगों को पांच- छह दिन के बाद पानी मिल रहा है और वो भी नाममात्र ही आता है। मात्र 30-35 मिनट ही पानी की सप्लाई आती है जिससे पीने के पानी की टंकियां भी नहीं भरती हैं जबकि टॉयलेट की टंकियां खाली रह जाती है। लोग टैंकरों से पानी मंगवाने को मजबूर हो गए हैं। शनिवार को ग्राम पंचायत हरसर के वार्ड नंबर पांच की महिलाओं ने खाली बर्तन रखकर जल शक्ति विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने कहा कि एक साथ से ट्यूबवेल खराब पड़ा है तो वहीं 5 दिन से नलकों में पानी नहीं आया है। कोई भी हमारी समस्या नहीं सुन रहा। महिलाओं ने कहा कि इस मामले में जल शक्ति विभाग जवाली के जेई से बात की तो उन्होंने उनकी इस समस्या को अनसुना कर कोई भी हल नहीं किया गया। हमें दूरदराज के कुओं व हैंडपंप से सिर पर घड़े उठाकर पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि हमें 60-70 वर्ष की आयु में कुओं से पानी खींचना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि अगर एक या दो दिन में पानी की समस्या का हल नहीं किया गया तो समस्त महिलाएं जल शक्ति विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता से मिलकर इस समस्या को रखेंगे। फिर भी समस्या का हल न हुआ तो विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# उत्तराखंड के स्पष्ट विजन ने राज्य को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया है और एक नया इतिहास रचा

जागो वर्ल्ड - देहरादून/गोविन्द रावत



पीएमजीएसवाई अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सशक्त नेतृत्व और विकसित उत्तराखंड के स्पष्ट विजन ने राज्य को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया है और एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक में उत्तराखंड ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का विषय है। शिव सिंह बिष्ट ने बताया कि धामी सरकार के नेतृत्व में उत्तराखंड ने इस सूचकांक में 18 राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है। जिनमें राजस्थान, बिहार और ओडिशा जैसे बड़े राज्य भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों, बेहतर बुनियादी ढांचे, निवेश अनुकूल वातावरण और निर्यात को प्रोत्साहित करने वाले ठोस प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं, उद्यमियों और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। शिव सिंह बिष्ट ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में उत्तराखंड न केवल निर्यात बल्कि रोजगार, निवेश और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छुएगा और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लक्ष्य को साकार करेगा।

# आपदा प्रभावितों के लिए बना नवजीवन का सहारा, मंडी जिला में गृह निर्माण को 31.81 करोड़ रुपए जारी

जागो वर्ल्ड -मंडी / सचिन शर्मा



प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक मजबूत सहारा बन रही है। गत बरसात के मौसम में अपना आशियाना खो चुके प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से बढ़ी हुई सहायता राशि मिलने पर अब उन्हें अपने उजड़े चमन फिर से बसाने की उम्मीदें बलवती हो गई हैं। सुनीता देवी मंडी जिला की तहसील कोटली के सुक्का कून गांव की रहने वाली हैं। पिछली बरसात ने उन पर ऐसा कहर ढहाया कि देखते ही देखते उनका मकान आंखों के सामने जमींदोज़ हो गया। ऐसे में 'सुक्खू सरकार' ने उनकी पीड़ा को समझा और आपदा प्रभावितों के लिए घोषित विशेष राहत पैकेज के तहत उन्हें घर बनाने के लिए उचित राहत राशि मंजूर की।सुनीता देवी बताती हैं कि वर्ष 2025 में भारी बरसात के कारण उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इस आपदा के बाद वे अपने परिवार सहित बेघर हो गईं और उन्हें रिश्तेदारों के पास शरण लेनी पड़ी। सुनीता देवी के अनुसार, सरकार द्वारा मकान निर्माण के लिए अब सात लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से पहली किस्त के रूप में 4 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं। इससे उन्होंने अपने मकान का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और सरकारी सहायता के बिना मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी रही, जिससे उनके जीवन में फिर से आशा की किरण जगी है। सुनीता देवी ने भावुक होकर कहा, "मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ। प्रदेश सरकार की मदद से हमारे टूटे घर को दोबारा बनाने का सपना साकार हो रहा है।"मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आपदा प्रभावितों को राहत एवं पुनर्वास के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुआवजा राशि में 25 गुना तक की बढ़ोतरी की गई है। राज्य सरकार ने आपदा राहत के लिए वर्ष 2025-26 में विशेष राहत पैकेज स्वीकृत किया है, जिससे हजारों प्रभावित परिवारों को राहत मिली है। भारी वर्षा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त होने पर प्रभावित परिवारों को पहले मात्र 1.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती थी, जो अपर्याप्त साबित होती थी। वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस सहायता राशि को बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया है। साथ ही घरेलू सामान के लिए एक लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दी जा रही है। कुल आठ लाख रुपए की इस मुआवजा राशि से प्रभावित परिवारों को सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद और अपने आशियाने के पुनर्निर्माण में बड़ी राहत मिली है।

# जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के धौलादेवी विकासखंड स्थित न्याय पंचायत अंडोली में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन



जागो वर्ल्ड - उतराखंड / गोविन्द रावत

जन- जन की सरकार, जन- जन के द्वार अभियान के अंतर्गत अल्मोड़ा जिले की जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के धौलादेवी विकासखंड स्थित न्याय पंचायत अंडोली में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पी. एम. श्री राजकीय इंटर कॉलेज, गुरूड़ाबांज में किया गया।शिविर की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बाल विकास, पेयजल, कृषि सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। शिविर में धौलादेवी ब्लॉक प्रमुख लीला बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शर्मा, उपजिलाधिकारी सौम्या गर्ब्याल, व्यापार मंडल दन्या अध्यक्ष पूरन बिष्ट, जागेश्वर मंडल अध्यक्ष हरिश प्रसाद, दन्या मंडल अध्यक्ष डी. के. जोशी, कार्यक्रम समन्वयक योगेश भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल गैड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष चंदन महरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय बैठक का बिलासपुर में हुआ आयोजन, पेंशनर्स की मांगों की सरकार द्वारा अनदेखी का लगाया आरोप

जागो वर्ल्ड -बिलासपुर/सुभाष चन्देल



पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की राज्यस्तरीय बैठक का बिलासपुर में हुआ आयोजन, पेंशनर्स की मांगों की सरकार द्वारा अनदेखी का लगाया आरोप तो 25 जनवरी हिमाचल दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा पेंशनर्स की मांगों को पूरा कर घोषणा करने की एसोसिएशन के प्रधान सुरेश ठाकुर ने कही बात हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर के सभागार में किया गया है. वहीं इस बैठक के दौरान प्रदेश के सभी जिलों से संबंधित एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ने भाग लिया और सरकार द्वारा लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी करने पर नाराजगी जाहिर की. वहीं हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पेंशनर्स की 14 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई और प्रदेश सरकार द्वारा 25 जनवरी हिमाचल दिवस के अवसर पर इन मांगों को पूरा करने की घोषणा किये जाने की मांग भी रखी गयी. वहीं पेंशनर्स की प्रमुख मांगों में 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, लीव एनकेशमेंट का तत्काल भुगतान, 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता व 46 माह के डीए, एरियर का पूर्ण अदायगी, एचआर टीसी पेंशनर्स को दिसंबर माह की जल्द पेंशन म भुगतान सहित संशोधित पेंशन की 50 हजार की प्रथम क़िस्त भुगतान, विद्युत बोर्ड कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ व पेंशन बकाया भुगतान, चिकित्सा बिलों का भुगतान सहित अन्य मांगे शामिल है. वहीं एसोसिएशन के प्रधान सुरेश ठाकुर ने कहा कि पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने वार्ता कर मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया था मगर अभीतक ऐसा कुछ भी नहीं देखने को नहीं मिल रहा है और आने वाले समय में सरकार जल्द ही पेंशनर्स के हितों में कोई ठोस कदम नहीं उठाती तो पेंशनर्स एकजुट होकर सड़को पर उतरकर एक बार फिर संघर्ष का रास्ता अपनाएंगे.